भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1702

उत्तर देने की तारीख : 03.08.2026

झारखंड में एमएसएमई विकास और स्थानीय रोजगार की स्थिति

1702. श्रीमती महुआ माजी:

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार ने झारखंड राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की स्थापना, दी गई वित्तीय सहायता और रोजगार सृजन की स्थिति का कोई जिला-वार आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों के दौरान पंजीकृत एमएसएमई इकाइयों, स्वीकृत ऋणों, सृजित रोजगार और बंद हुई इकाइयों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार झारखंड राज्य में खनिजों, तसर, हस्तशिल्प और वनोपज पर आधारित एमएसएमई को बढ़ावा देने हेतु कोई विशेष प्रोत्साहन कार्यक्रम शुरू करने पर विचार कर रही है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) से (ग) : उद्यम पंजीकरण पोर्टल दिनांक 01.07.2020 को और उद्यम असिस्ट पोर्टल दिनांक 11.01.2023 को शुरु किया गया था। उद्यम पंजीकरण पोर्टल और उद्यम असिस्ट पोर्टल के अनुसार, दिनांक 30.06.2026 तक झारखंड राज्य में पंजीकृत एमएसएमई और सूचित किए गए रोजगार का जिला-वार विवरण **अनुबंध-I** में संलग्न है।

झारखंड राज्य में आईएमई सहित, पंजीकृत एमएसएमई का विवरण नीचे दिया गया हैं:

पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान झारखंड राज्य में पंजीकृत कुल एमएसएमई का विवरण	
वित्त वर्ष	**पंजीकृत एमएसएमई**
2021-22	82,102
2022-23	140,891
2023-24	613,259
2024-25	374,183
2025-26	341,283

पिछले पांच वित्तीय वर्षों (2021-22 से 2025-26) के दौरान झारखंड राज्य में कुल 15.51 लाख एमएसएमई पंजीकृत हैं, जिनमें 60.68 लाख लोग कार्यरत हैं। इनमें से 2,509 एमएसएमई इसी अवधि के दौरान बंद हो गए।

वित्तीय सहायता के प्रयोजनार्थ योजनाओं/कार्यक्रमों में अन्य योजनाओं/कार्यक्रमों के साथ-साथ सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीएस), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), पीएम विश्वकर्मा स्कीम, पीएम मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) आदि शामिल हैं।

पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान झारखंड राज्य में क्रेडिट गारंटी स्कीम के तहत अनुमोदित गारंटियों और इनकी स्वीकृत राशि का विवरण निम्नानुसार है:

पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान क्रेडिट गारंटी स्कीम के तहत झारखंड में अनुमोदित गारंटियों और राशि का विवरण		
वित्त वर्ष	**अनुमोदित गारंटियों की सं.**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु.) में**
2021-22	12,953	1,247
2022-23	21,090	2,488
2023-24	34,800	4,432
2024-25	64,614	6,494
2025-26	59,748	8,130

एमएसएमई मंत्रालय ने 18 पारंपरिक व्यवसायों के कारीगरों और शिल्पकारों को समग्र सहायता प्रदान करने के लिए दिनांक 17.09.2023 को पीएम विश्वकर्मा स्कीम की शुरूआत की। दिनांक 29.07.2026 तक, इस योजना के तहत, झारखंड राज्य में 43,737 लाभार्थियों को सफलतापूर्वक पंजीकृत किया गया है और 7,084 लाभार्थियों के लिए 39.89 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृत किया गया है।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) केंद्रीय क्षेत्र की एक योजना है जिसका उद्देश्य गैर-कृषि क्षेत्र में अपने उद्यम स्थापित करने में संभावित उद्यमियों की सहायता करके रोजगार के अवसर सृजित करना है।

पिछले पांच वित्तीय वर्षों के लिए झारखंड में पीएमईजीपी के तहत सहायता प्राप्त सूक्ष्म उद्यमों की संख्या, उनके लिए मार्जिन मनी सब्सिडी वितरण और अनुमानित रोजगार सृजन निम्नानुसार है:

पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत झारखंड राज्य में सहायता प्राप्त सूक्ष्म उद्यमों की संख्या, मार्जिन मनी सब्सिडी वितरण तथा सृजित अनुमानित रोजगार का विवरण			
वित्त वर्ष	**सहायता प्राप्त इकाइयों की सं.**	**मार्जिन मनी (लाख में)**	**अनुमानित रोजगार सृजन**
2021-22	1714	4,187.74	15426
2022-23	1851	4,837.65	16659
2023-24	2101	5,123.27	18,909
2024-25	1452	3,605.94	13,068
2025-26	833	2,325.04	7,497

टसर रेशम के संवर्धन के लिए, खादी ग्रामोद्योग विकास योजना (केजीवीवाई) के तहत आशोधित बाजार विकास सहायता (एमएमडीए) स्कीम के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें खादी संस्थानों द्वारा उत्पादित टसर रेशम भी शामिल है। खादी कपड़े पर उत्पादन प्रोत्साहन उस की मुख्य लागत के आधार पर प्रदान किया जाता है, जिसमें कच्चे माल की लागत, ग्रे कपड़े तक रूपांतरण प्रभार और मार्जिन घटकों को छोड़कर प्रसंस्करण प्रभार भी शामिल हैं।

*****

अनुबंध-I

राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1702, जिसका उत्तर दिनांक 03.08.2026 को दिया जाना है, के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

झारखंड राज्य के लिए दिनांक 01.07.2020 से 30.06. 2026 तक उद्यम पंजीकरण पोर्टल एवं यूएपी पर पंजीकृत कुल एमएसएमई तथा सूचित किए गए रोजगार का जिला-वार विवरण		
जिला	**पंजीकृत एमएसएमई**	**रोजगार**
बोकारो	1,32,172	4,53,640
चतरा	45,474	4,29,670
देवघर	87,507	3,55,709
धनबाद	1,82,962	5,65,566
दुमका	46,890	1,83,911
पूर्वी सिंहभूम	1,69,864	6,83,457
गढ़वा	51,257	3,47,134
गिरिडीह	1,31,762	4,73,277
गोड्डा	49,490	2,43,561
गुमला	27,727	88,199
हजारीबाग	1,11,622	4,08,022
जामतारा	24,150	92,623
खुंटी	12,875	37,988
कोडरमा	50,024	1,53,336
लातेहार	24,411	1,35,993
लोहरदगा	19,346	1,00,861
पाकुर	38,141	2,40,258
पलामू	86,041	3,20,989
रामगढ़	64,497	2,05,017
रांची	2,48,056	9,98,307
साहिबगंज	45,289	1,26,486
सरायकेला-खरसावां	55,762	2,16,296
सिमडेगा	13,147	87,317
पश्चिम सिंहभूम	46,526	1,52,752
कुल	17,64,992	71,00,369